समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# सुपरइंटेलिजेसं की रेस मे Meta की बड़ी चाल! 1600 करोड़ मे Apple के पूर्व कर्मचारी को किया हायर।

Publisher

Published on 15 Jul 2025




**Meta ने सुपरइंटेलिजेसं लैब के मिशन पर 1600 करोड़ मे Apple के AI एक्सपर्ट Ruoming Pang को जोड़ा, अब टक्कर सीधे OpenAI और DeepMind से।**

**AI की दुनिया मे टैलेटं वॉर, Meta की आक्रामक रणनीति**

**Meta AI** की दुनिया में अब मुकाबला सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं बल्कि टैलेंट का हो गया है। इसी दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए **Meta** ने **Apple** के पूर्व **AI** रिसर्चर **Ruoming Pang** को लगभग **200 मिलियन डॉलर** (करीब 1600 करोड़ रुपये) के पैकेज पर हायर किया है।

इससे पहले भी **Meta** ने **OpenAI** के **Trapit Bansal** को करीब **800 करोड़ रुपये** के भारी ऑफर के साथ अपनी टीम में शामिल किया था। अब कंपनी टैलेंट हंट के मिशन पर है।

**Meta का लक्ष्य :** सिर्फ **AGI** नहीं, सुपरइंटेलिजेंस

**Meta** अब केवल **Artificial General Intelligence** (AGI) तक सीमित नहीं रहना चाहता। इसका उद्देश्य है एक ऐसी **Superintelligent AI System** बनाना, जो इंसानों से भी ज्यादा तेज, समझदार और सक्षम हो।

१. **इस सुपरइंटेलिजेसं लैब के जरिए Meta निम्नलिखित उद्देश्यों को साधना चाहता है**:

२. **मेडिकल, साइंस, इकॉनॉमी और आर्ट सेक्टर मे सुंपरफास्ट AI समाधान**

३. **मानव से भी अधिक बुद्धिमान और सटीक AI सिस्टम**

४. **दुनिया की सबसे मजबूत AI टीम का निर्माण**

सिर्फ सैलरी नहीं, ये हैं सुपरपैकेज के हिस्से

**Meta** जिन विशेषज्ञों को हायर कर रहा है, उन्हें जो पैकेज दिए जा रहे हैं वो सिर्फ सैलरी नहीं हैं, बल्कि इनमें शामिल हैं:

१. **मोटा साइनिंग बोनस**

२. **कंपनी के शेयर (इक्विटी)**

३. **परफॉर्मेंस बोनस और दीर्घकालिक लाभ**

४. **ये पैकेज कई बार टेक इंडस्ट्री के CEO स्तर की सैलरी को भी पीछे छोड़ देते है।**

**Meta बनाम OpenAI और DeepMind:** अब असली टक्कर

**Ruoming Pang** की भर्ती और इससे पहले **Trapit Bansal** को लाना इस बात का संकेत है कि **मार्क जुकरबर्ग** अब **AI** को लेकर बेहद आक्रामक रणनीति अपना चुके हैं। **Meta** की **Superintelligence Lab**, सीधे तौर पर **OpenAI, Google DeepMind** और **Anthropic** जैसी कंपनियों को चुनौती देने के लिए तैयार की जा रही है।

### AI नहीं, टैलेंट की जंग है अब असली रेस

यह साफ हो गया है कि आने वाले समय में जो कंपनी सर्वश्रेष्ठ **AI** दिमाग को अपने साथ जोड़ेगी, वही दुनिया की अगली टेक क्रांति की लीडर बनेगी। **जुकरबर्ग** का यह मास्टरस्ट्रोक भारत सहित पूरी दुनिया की टेक इंडस्ट्री को झकझोर सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.